प्रो0 अनुराग त्रिपाठी
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2022/ 5330 दिनांकः 05 जनवरी, 2022

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः सत्र 2021-22 के विषम सेमेस्टर परीक्षा तथा कोविड-19 महामारी की तृतीय लहर के बढ़ते प्रकोप के दृष्टिगत स्टूडेन्ट सेल के कार्य स्थगित तथा छात्र/छात्राओं की समस्याओं का निराकरण किये जाने हेतु बनाये गये Student Grievance पोर्टल के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सत्र 2021-22 के विषम सेमेस्टर परीक्षा तथा कोविड-19 महामारी की तृतीय लहर के बढ़ते प्रकोप के दृष्टिगत विश्वविद्यालय के स्टूडेन्ट सेल का कार्य स्थगित रहेगा तथा दूर-दराज से विभिन्न जनपदों / शहरों / ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्र / छात्रायें एवं संस्थानों के प्रतिनिधि अपने रिजल्ट, परीक्षा फार्म, डिजीलॉकर, मार्कशीट एवं डिग्री इत्यादि की समस्याओं का निराकरण किये जाने हेतु विश्वविद्यालय की बेवसाइट **www.aktu.ac.in** पर स्थापित **Student Grievance** के **Examination Section** पोर्टल पर अपनी समस्यायें आन-लाइन प्रेषित कर सकतें है, जिसका निराकरण ऑन-लाइन किया जायेगा। साथ ही ज्ञात हो कि उक्त वर्णित समस्यायें केवल **Examination Section** पोर्टल पर आवेदन करें, अन्य किसी **Link** पर आवेदन स्वीकार नहीं होगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुए अपने संस्थान के अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को सूचित कराते हुए आवश्यक कार्यवाही करने कष्ट करें।

भवदीय

05/01/22

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. उप कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. मीडिया प्रभारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
7. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक